दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 19 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

नवादा जिले के देदौर गांव में अपराधियों ने महादलित परिवारों के इक्कीस घरों में आग लगा दी। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह भूमि विवाद का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि घटना स्थल पर पुलिस की टीम लगातार कैंप कर रही है। इस मामले में अब तक दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इधर, अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम ने घटना की निंदा करते हुये कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि घटना की गहन जांच की जा रही है और सरकार दोषियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करेगी।

———————————————————

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नवादा की घटना को लेकर राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। श्री यादव ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर है और इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है। उन्होंने अग्निकांड के दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

———————————————————

केन्दीय गृह विभाग के निर्देश पर राज्य के विभिन्न जेलों में आज व्यापक जांच अभियान चलाया गया। बेगूसराय में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला और पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया गया। शिवहर मंडल कारा में भी जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। वहीं, बक्सर केंद्रीय कारा में डीएम अंशुल अग्रवाल और एसपी ने औचक छापेमारी की। कारा अधीक्षकों को यह निर्देशित किया गया है कि कैदियों की बेहतर ढंग से निगरानी की जाये।

———————————————————

परोड़ी राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्ताखंड और झारखंड में लगातार बारिश के कारण राज्य में गंगा समेत कई नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट, हाथीदह और भागलपुर में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है और इसमें वृद्धि की सम्भावना

है। सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। पुनपुन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में लगभग एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया है और इसमें बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। इधर, घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली और गंगपुरसिसवन में बढ़ा है। कोसी नदी का जलस्तर कटिहार के कुर्सेला में बढ़ा है जबकि खगड़िया के बलतारा में स्थिर बना हुआ है।

———————————————————————

गंगा नदी में उफान से बक्सर, पटना, मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर और भागलपुर के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। पटना के दियारा क्षेत्र में कई पंचायतें बाढ़ से प्रभावित है। वहीं, बेगूसराय के विभिन्न प्रखंडों में एक बड़ी आबादी बाढ़ के संकट से जूझ रही है। इधर, समस्तीपुर के विद्यापतिनगर, मोहनपुर और मोहिउद्दीननगर प्रखंडों में बीस से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी फैल जाने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। जान–माल की क्षति की आशंका को देखते हुये बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

———————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की गतिविधि रूक गयी है, जिसके कारण अधिकांश जगहों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के किसी भी भाग में वर्षा नहीं हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्यभर में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी सरकारी विद्यालयों की साल में दो बार रैंकिंग के निर्देश दिये हैं। यह रैंकिंग हर वर्ष नवम्बर और मार्च महीने में की जायेगी।

———————————————————————

बिहार कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और पूर्णियां प्रक्षेत्र के आईजी शिवदीप लांडे ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी दी है।

———————————————————————

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मुजफ्फरपुर के कांटी स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में एनटीपीसी की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में बैंकों में साख जमा अनुपात, किसान क्रेडिट कार्ड और विभिन्न ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।